हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

12 ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारतीय सेना ने दिखाई ड्रोन तकनीक की क्षमता



12 अनाजमंडी पहुंचे डीसी, धान के खरीद कार्य के लिए की गई व्यवस्थाओं को जांचा



## खबर संक्षेप

### खेड़ा मंदिर के गुल्लक से चोरों ने उड़ाए हजारों रुपये

**यमुनानगर।** गांव मुजाफत कलां में चोरों ने खेड़ा मंदिर के गुल्लक का ताला तोड़कर दानराशि चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मुजाफत कलां निवासी गगन शर्मा ने प्रतापनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर की रात को चोरों ने गांव के खेड़ा मंदिर के गुल्लक का ताला तोड़कर करीब 20 हजार रुपये की दानराशि चोरी कर ली।

### सोमनाथ धाम आश्रम में मनाया श्रद्धा पर्व

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा श्री सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी में श्रद्धा पर्व महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं, ध्यान व आध्यात्मिक गुरु डॉ.अर्चिका दीदी ने अपने प्रवचनों से आज की युवा पीढ़ी को अपने माता-पिता तथा वरिष्ठ जनों का सम्मान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर वेद प्रकाश पालीवाल, विभु पालीवाल, आरएन रावल संरक्षक, डॉ.जगजीत अहूजा, यश पाल चौधरी, इंद्र चुघ गिरिश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। जबकि प्रमोद चोपड़ा ने भजन सुनाए। वहीं फ्री मेडिकल चेकअप कैंप में नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा गया।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**इसराना।** राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ हरि ओम की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिताओं में तनु, काफी, रजत, सोनी, प्रिया, सलोनी, आंचल, खुशी, निकिता, सलोनी, महक, विजेता रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ हरि ओम ने पुरस्कृत करते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### देश के शहीदों को किया नमन

**समालखा।** समालखा में जनता सरकार मोर्चा ने पुराना बस अड्डा पर फ्लाईओवर के नीचे शहीद स्मारक बनाया है। यहां पर शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। वहीं, जनता सरकार मोर्चा ने इसे शहीद चौक का नाम भी दिया।

### चोरी केस में चार गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने इंद्रा विहार कॉलोनी में शंकर प्लाई बोर्ड के गोदाम से चोरी किए प्लाई बोर्ड व हार्डवेयर का सामान खरीदने वाले चार आरोपियों नूरवाला निवासी सुनील, मोतिराम कॉलोनी निवासी सुमित, विकास नगर निवासी जितेंद्र व भैंसवाल गांव निवासी फिरोज उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया है।

# लंका दहन कर पवनपुत्र हनुमान ने अहम पर किया प्रहार

## नाचरौन में आयोजित की जा रही रामलीला, रावण और हनुमान संवाद के दृश्य का मंचन



**यमुनानगर।** नाचरौन में चल रही रामलीला के दृश्य मंचन में अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट कर उन्हें प्रभु श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी को देते हुए हनुमान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में अशोक वाटिका उजाड़ना, माता सीता से हनुमान का मिलना, रावण के छोटे पुत्र अक्ष्य कुमार का वध और लंका दहन का दृश्य मंचन किया गया। इस दौरान देर रात तक प्रभु प्रेमी पवित्रलीला के आनंद सागर में डूबे रहे। श्रीरामलीला में विभिन्न पात्रों का किरधार निभा रहे कलाकारों द्वारा अपनी प्रतिभा के बल पर घंटो तक श्रद्धालुओं को भावविभोर किए रखा। लंका दहन के दृश्य का शुभारंभ इलाके के वरिष्ठ समाजसेवी विक्रम सिंह सैनी सारन ने अपने परिजनों के साथ रिबन काटकर किया।

### युवाओं से नशे से दूर रहने का किया आह्वान

श्रीरामलीला का पहला दृश्य हनुमान सागर पार कर लंकानगरी की अशोक वाटिका में पहुंचते हैं और वृक्ष पर चढ़ कर राम द्वारा दी गई अंगूठी नीचे गिराते हैं। जिसे देखकर मां सीता आश्चर्यचकित हो जाती हैं। देवी जानकी जी का संताप हरने के लिए रामभक्त बजरंगबली अपना स्वरुप प्रक्ट करते हैं। भूख लगने पर हनुमान सीताजी से अनुमति लेकर अशोक वाटिका में लगे विभिन्न फ लों को तोड़ कर खाते हैं और पूरा वाटिका नष्ट कर देते हैं। वाटिका नष्ट होने पर महाराजा रावण का पुत्र अक्षय कुमार को बजरंगबली अपनी गदा के प्राहारों से मृत्युलोक में पहुंचा देते हैं। इसके बाद के दृश्य में महाराजा रावण का दूसरा पुत्र मेघनाथ वीर हनुमान को छल द्वारा ब्रह्मफांस में बांधकर दरबार में ले जाता है। जहां पर महाराजा रावण की आज्ञा से सैनिक हनुमान की पूंछ में आग लगा देते हैं। इसी पूंछ की आग से वीर हनुमान पूरी लंका का दहन करके मां सीता का आर्शीवाद प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम के पाल लौट जाते हैं। इसके बाद आरती करके लीला का रात्रि विश्राम दिया जाता है। मौके पर मुख्यातिथि विक्रम सैनी ने कहा कि रामलीलाओं के आयोजनों से जहां भारतीय संस्कृति को जिंदा रखा जा रहा है, वहीं, नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के इतिहास से रुबरु होने का मौका मिलता है। उन्होंने युवाओं को नशा आदि सामाजिक बुराईयों को छोड़कर मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल सिंह कोच, सेठपाल, दीपक, राहुल राणा,मुकेश जेलदार, यशपाल सिंह, राजकुमार, संदीप, व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

### नवरात्रि में सांझी की परंपरा बढ़ाती है घर की पवित्रता

**पिहोवा।** प्रदेश के गांवों और कस्बों में आज भी नवरात्र के दिनों में घर की दीवारों पर सांझी सजाने की परंपरा जीवित है। यह प्राचीन लोक परंपरा विशेषकर ग्रामीण अंचलों में बड़े उत्साह के साथ निभाई जाती है। महिलाएं और बच्चियां मिलकर गोबर, गेरू, रंग-बिरंगे फूलों, पत्तों और मिट्टी से दीवारों पर मां दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं के स्वरूप सजाती हैं। बताया जाता है कि सांझी लगाने की परंपरा न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि यह ग्रामीण जीवन में सामाजिक मेल-जोल और सांस्कृतिक धरोहर को भी संजोए हुए है। नवरात्र की प्रत्येक संध्या को महिलाएं सांझी के समक्ष गीत गाती हैं और इसकी आरती उतारती हैं। वार्ड नंबर 12, भाई जी वाली गली, पिहोवा निवासी महिला संतोष देवी का कहना है कि पहले बहुत से घरों में सांझी सजाई जाती थी, लेकिन अब बदलती जीवनशैली के चलते यह परंपरा धीरे-धीरे कम हो रही है। इसके बावजूद कई गांवों व कस्बो में यह परंपरा आज भी उतनी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई जा रही है। जैसलीन पूर्णिमा ब्यूटी एंड मेकओवर की प्रमुख मीना रानी का मानना है कि सांझी न केवल आस्था का प्रतीक है बल्कि बच्चों को कला, एकता और परंपरा से जोड़ने का भी माध्यम है। यही कारण है कि नवरात्र के पावन अवसर पर दीवारों पर सजी सांझी आज भी हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत रखती है। रजनी धीमान, सत्या रानी ने बताया कि सांझी का उद्देश्य परिवार की सुख-समृद्धि, बच्चों की लंबी आयु और घर में शांतिसद्भाव की कामना करना है। उन्होंने बताया कि सांझी लगभग पंद्रह दिन तक यानी श्राद्ध पक्ष की समाप्ति से नवरात्रि की नवमी तक लगाई जाती है और फिर दशहरे पर इस सांझी को विधि विधान से जल में विसर्जित कर दिया जाता है।



**पिहोवा।** वार्ड नंबर 12 स्थित अनेक घरों की दीवारों पर बने सांझी माता के चित्र।

## प्रदेश में स्थापित एमएसएमई उद्योगों ने 15 लाख युवाओं को दिया रोजगार

# प्रधानमंत्री जब भी आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं तब हरियाणा पर करते गर्व

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान से देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर है*

### स्वदेशी अपनाने के विजन को घर-घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं तो गर्व से हरियाणा का नाम लिया जाता है। हरियाणा प्रदेश ने प्रत्येक अभियान में शुरू से ही मजबूती के साथ भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपना काम धंधा शुरू करने के लिए एमएसएमई को बढ़ावा दिया जा रहा है। एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीड है। प्रदेश में करीब 15 लाख युवाओं को एमएसएमई के स्थापित हुए उद्योगों में रोजगार भी मिला है।

इसी बदोलत एमएसएमई का राष्ट्रीय पुरस्कार भी हरियाणा प्रदेश को मिला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा लाडवा के मंडल बाबैन के आलीशान पैलेस में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। इससे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान से देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंचा है। ये अभियान हर नागरिक, हर मकान और हर दुकान तक पहुंचाना है। इन विचारों के धारण करने से ही देश की अर्थव्यवस्था चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का विजन रखा है।




**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### कार्यशालाओं का उद्देश्य सभी को एक साथ जोड़ना है

इस विजन को पूरा करने के लिए पहले आत्मनिर्भर भारत बनाना होगा, आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत बन सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में जो विचार उत्पन्न होगा, उससे समाज, प्रदेश और देश का विकास होगा। ये बैठक समाज के जनजागरण के लिए आयोजित की गई है। ऐसी कार्यशालाओं का उद्देश्य सभी को एकसाथ जोडने का है। अब तक की सफलता के पीछे अटटू संगठन ने ही एकता दिखाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल झंडा उठाने का कार्य नहीं करते, बल्कि सरकार की नीति, नियम, योजना और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने का भी काम करते हैं, जो प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने की प्रेरणा देते हैं। जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

### जेसीआई गोल्ड ने करवाया 10 कन्याओं का विवाह, केंद्रीय मंत्री ने दिया आशीर्वाद

**करनाल।** जेसीआई गोल्ड द्वारा रविवार को महाराजा अग्रसैन भवन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेसीआई गोल्ड के प्रधान प्रमोद बंसल के संयोजन में 10 कन्याओं का विवाह संपन्न करवाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल पहुँचे। उन्होंने सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे 10 नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया और प्रत्येक जोड़े को 11-11 सौ रुपये का शगुन प्रदान किया। उनके साथ महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने जेसीआई गोल्ड को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि "अपने लिए तो हर कोई करता है लेकिन जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज को नई दिशा देने वाले होते हैं और इनसे दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है।" उन्होंने सभी जोड़ों के सुखी और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 10 नवदंपतियों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इससे पूर्व सभी दूल्हों की बारात निकाली गई और दस वेदियों पर एक साथ दस जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद बेटियों की डोली भी विधिवत रूप से विदा की गई।



# तीन युवकों से दो देसी पिस्टल व 11 जिंदा कारतूस बरामद

## जिला अपराध अन्वेषण शाखा ने पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास से आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला अपराध अन्वेषण शाखा टू की टीम ने पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास से तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देसी पिस्टल व 11 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में वहां मौजूद थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीम में तैनात एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि शाम को वह टीम के साथ शहर में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि पश्चिमी यमुना नहर पटरी के पास तीन युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बैठे थे। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे तीनों युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से दो देसी पिस्टल व 11 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान मोहम्मद कैफ, रोहित, अभिजीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** देसी पिस्टल के साथ काबू किए गए आरोपी पुलिस हिरासत में।

### असला रखने के दो आरोपी गिरफ्तार, 2 देसी कट्टे व 4 जिन्दा रौंद बरामद

**कुरुक्षेत्र।** अपराधिक वारदातो पर अंकुश लगाने व अपराधियों की धर पकड के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध असला रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 टीम ने अवैध असला रखने के आरोप में अतुल मोर व निहाल सिंह वासीयान लंडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके 2 देसी कट्टे व 4 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 सितम्बर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिंह, कुलदीप, संदीप कुमार, सिपाही सतबीर सिंह व गाड़ी चालक कृपाल सिंह की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में मीना मार्किट शाहाबाद के पास मौजूद थी।

# बिना अनुमति लगे रक्तदान शिविर का मामला तूल पकड़ा

## स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

बिना अनुमति लगाए गए रक्तदान शिविर का मामला अब और गहराता जा रहा है। पंजाब की संस्था द्वारा लगाए गए इस शिविर में मानक से अधिक रक्त निकाले जाने और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति के खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। विभाग की जांच टीम ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंप दी है।

सीएमओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कई गंभीर लापरवाहियां सामने आई हैं। शिविर में आवश्यक सुरक्षा उपकरण और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी नहीं पाई गई। यही नहीं, दाताओं से निर्धारित 450 मिलीलीटर की बजाय 570 मिलीलीटर तक रक्त लिया जाना बेहद खतरनाक माना गया है।

### पिछले कई महीनों से लगा रहे थे शिविर

विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक रक्त निकाले जाने से दाताओं की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। जांच में यह भी सामने आया है कि संस्था पिछले कई महीनों से ऐसे शिविर लगातार आयोजित कर रही थी, लेकिन प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई। अब स्वास्थ्य विभाग ने इस पूरी घटना की रिपोर्ट डीसी को भेजते हुए संबंधित संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की है। उधर, इस मामले के उजागर होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर न पहुंचती, तो कई दाताओं की जान खतरे में पड़ सकती थी। वहीं, पीड़ित दाताओं के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए विभाग ने स्थानीय अस्पतालों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

# विधायक ने तरावड़ी में एक करोड़ 20 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने सोमवार को तरावड़ी में एक करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास वार्ड वासियों से नारियल तोडक़र करवाया। इस दौरान उन्होंने विश्वास कॉलोनी की सडक़, करनाली गेट पर शुलभ शौचालय, वार्ड एक में मेन द्वार के सौंदर्यीकरण, कम्युनिटी सेंटर व अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक कबीरपंथी ने कहा कि इन विकास कार्यों से शहर के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं में सुधार मिलेगा और तरावड़ी के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी शहर के हर वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।



**तरावड़ी।** विधायक शहर के करनाली गेट पर विकास कार्यो का शुभारंभ करते हुये।

### सरकार की योजनाएं आमजन को पहुंचा रही लाभ

प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर नागरिक सशक्त हो और उसे मूलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हों। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सीधे तौर पर आमजन को लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों के उत्थान के लिए अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। सरकार केवल शहरी क्षेत्रों पर ही नहीं, बल्कि गांवों में भी समान रूप से विकास के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास नीति का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास है और इसी विजन पर कार्य करते हुए बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के हर हिस्से का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। इस मौके पर अनाज मंडी के नवनियुक्त चेयरमैन चौधरी रणदीप, नगरपालिका सचिव अजीत कुमार, नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, भूपेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष बोले, सैनी ले रहे हैं जनहित में बड़े फैसले, पौधरोपण भी किया

# अब तहसीलों में होगी पेपर रहित रजिस्ट्री, निशानदेही के साथ राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का भी शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजस्व विभाग की नई पहल तहसीलों में पेपर रहित रजिस्ट्री , निशानदेही, व्हाटसएप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली के शुभारंभ को लेकर सरल केंद्र में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने शिरकत की। इससे पहले उन्होंने सेवा पखवाडा के तहत श्रमदान व पौधा रोपण कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और पेड लगाकर पर्यावरण को ओर बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम दर्शन कुमार ने उनका यहां पंहुचने पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक अभिन्दन किया। इस दौरान एसीयूटी राहुल कंवरिया भी मौजूद रहें। इससे पहले कुरूक्षेत्र के बाबैन से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राजस्व विभाग की नई डिजिटल प्रणाली के शुभारंभ कार्यक्रम को वीसी के जरिए देखा व सुना गया।



**अंबाला।** पौधरोपण करते जिलाध्यक्ष मनदीप राणा व अन्य।

**पेपर रहित रजिस्ट्री एतिहासिक पहल**

*भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा आज राजस्व विभाग से जुड़ी एक एतिहासिक पहल पेपर रहित रजिस्ट्री , निशानदेही, व्हाटसऐप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया गया है।*

### पेपरलेस रजिस्ट्री से डिजिटल पारदर्शिता

पेपर रहित रजिस्ट्री डिजिटल क्रांति की ओर बडा ही मजबूत कदम है। इस प्रणाली के तहत निसंदेह आमजन को बडी राहत के रूप में लाभ मिलेगा और इस पहल से अब आम नागरिक वाटसएप चैटबॉट द्वारा राजस्व विभाग से जुड़ी जानकारी मोबाइल के माध्यम से घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की इस पहल से राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली में ओर पारदर्शिता आएगी और भ्रष्टाचार जैसी गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाडा के तहत सरकार व प्रशासन द्वारा देश-प्रदेश में अनेक गतिविधियों एवं योजनाओ के माध्यम से स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण इत्यादि जनहित कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में आम जन-मानस व गरीब कल्याण के लिए विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अनेक योजनाएं क्रिन्यान्वित कि गई है, जिसका लाभ पात्र व्यक्ति को मिल रहा है।

**खबर संक्षेप**

## विद्यार्थियों को योगासनों का करवाया अभ्यास

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में सोमवार को योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने की। जबकि योग शिक्षक राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया। शिविर में योग शिक्षक राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को शारीरिक तथा मानसिक रोगों के निदान के लिए योगासनों का अभ्यास करवाया। इस दौरान शिविर में सुक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, हस्तोतानासन, पदहस्तासन, त्रिकोणासन, ताड़ासन, पदमासन, वज्रासन, मंडूकासन, कूर्मासन, अर्द्धमत्स्येन्द्रासन इत्यादि का अभ्यास करवाया गया।

## शहीद ऊधम सिंह कांबोज चौक का उद्घाटन किया

**रादौर।** हरियाणा कांबोज सभा की जिला इकाई की ओर से सोमवार को रादौर के बुबका चौंक पर शहीद उधम सिंह कांबोज चौक के नामकरण का बोर्ड लगाकर उदघाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला काम्बोज सभा के प्रधान लक्ष्मीचंद लक्सीबांस ने की। जबकि समाजसेवी मान सिंह आर्य मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सभा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी चंद लक्सीबांस ने कहा कि हरियाणा सरकार ने रादौर के सभी चौक चौराहों के नाम शहीदों व महापुरुषों के नाम पर रखे हैं जोकि एक बहुत ही सराहनीय कदम है। इसी कड़ी में सरकार ने रादौर के बुबका चौंक का नाम शहीद उधम सिंह काम्बोज चौक किया है।

## बाइक सवार युवकों ने झपटी सोने की बालियां

**यमुनानगर।** बाइक सवार युवकों ने जगाधरी के झंडा चौक के पास बुजुर्ग महिला के कानों से सोने की बालियां झपट ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहरान गली जगाधरी निवासी निर्मला देवी ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात साढ़े सात बजे झंडा चौक के पास किसी काम से गई थी। इस दौरान बाइक से उतरकर एक युवक उसके पास आया। आरोपी युवक ने आते ही उसके कानों से सोने की बालियां झपट ली।

### रावण का 75 फुट तो मेघनाथ व कुंभकरण के 65-65 फुट के पुतलों का होगा दहन

# रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले दहन के लिए तैयार

**पुतलों के निर्माण के लिए रात दिन लगे हैं कारीगर, पुतलों पर खर्च आएंगे लाखों रुपये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विजय दशमी पर्व पर धू-धू कर जलने के लिए अहंकार के प्रतीक महाराजा दशानन रावण, उनके भाई कुंभकर्ण व बेटे मेघनाथ के पुतले तैयार होने को हैं। कारीगर पुतलों को अंतिम रूप दे रहे हैं। पुतलों के बनाने में कई लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार जलने वाले करीब 75 फुट रावण के दस सिर सभी दिशाओं से दिखाई देंगे। वहीं कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का कद भी कम नहीं होगा। इन पुतलों की ऊंचाई भी 65-65 फुट रखी गई है।




**यमुनानगर।** दशहरा ग्राउंड परिसर में अग्नि की भेंट चढ़ने वाले रावण के पुतले को अंतिम रूप देते कारीगर। फोटो : हरिभूमि

### विजय दशमी पर दशानन के पुतले जलाने की है

शदियों से विजय दशमी पर्व के मौके पर लंकापति रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों के दहन की परंपरा चली आ रही है। करीब एक माह की कड़ी मशक्कत के बाद कुशल कारीगरों द्वारा इन पुतलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। करीब 45 वर्षों से इन पुतलों के निर्माण कार्य से जुड़े मनचंदा परिवार को काफी महारत हासिल है। मनचंदा परिवार की आज तीसरी पीढ़ी भी रावण के पुतले बना रही है। इस परिवार के पूर्वज पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में इन पुतलों के बनाने का कार्य करते थे और उनके वंशज अब यमुनानगर में ख्याति पाए हुए हैं।

### साढ़े चार दशक से बना रहे हैं रावण का पुतला

महाराजा रावण का पुतला बना रहे महेंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि उनका परिवार रावलपिंडी से आया था और शहर की छोटा मॉडल टाउन कॉलोनी में बस गया था। उन्होंने बताया कि देश आजाद होने से पहले उनके परिजन विश्वनाथ रावलपिंडी में रावण के पुतले बनाते थे। उन्हें यह कला विरासत में मिली है। उनका परिवार पिछले करीब 45 वर्ष से रावण का पुतला बनाते आ रहे हैं। अब वे स्वयं, उनके बेटे पकंज व भाई विकास मनचंदा इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 में विजय दशमी के अवसर पर विदेशी पर्यटक भी उनकी इस कलाकृति को देखने आए थे। विदेशी पर्यटकों ने तब उनकी कला को काफी सराहा था और उनसे पुतले बनाने की कला उन्हें बताने की पेशकश की थी। उन्होंने बताया कि उनकी एक ही ख्वाहिश है कि इस कला को जीवित रख कर अगली पीढ़ी को इसे सुरक्षित सौंप दिया जाए।

# करियर काउंसलिंग के बारे में दी जानकारी



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में करियर काउंसलिंग और परीक्षा मार्गदर्शन सत्र का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल बिलासपुर में विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग और परीक्षा मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में पारस सीए इंस्टीट्यूट हिसार के निदेशक राकेश शर्मा, नीतीश चावला और प्रदीप कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यवक्ताओं ने छात्रों को करियर के नवीनतम रुझानों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीतियों और सही स्ट्रीम चुनने के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने छात्रों को व्यक्तिगत क्षमताओं और कौशल विकास की दिशा में भी प्रेरित किया ताकि वह बदलती दुनिया में आत्मनिर्भर और सक्षम बन सकें। इस दौरान कक्षा कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों के लिए परीक्षा को प्रभावी ढंग से कैसे हल करें विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में छात्रों को परीक्षा में समय प्रबंधन, उत्तर लिखने की तकनीक और तनाव मुक्त होकर प्रश्नों का समाधान करने के तरीके सिखाए गए।

**ये रहे मौजूद**

प्रधानाचार्य मोनिका कश्यप ने कहा कि यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास, प्रेरणा और सकारात्मक सोच को भी बढ़ाने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल छात्रों के सर्वांगीण विकास, उनकी आकांक्षाओं के समर्थन और निरंतर मार्गदर्शन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर रजनीश, रविंदर, अजीत, शिवांगी और राजविंदर कौर आदि मौजूद रही।

# रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी की जानकारी दी

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के एप्लाइड साइंसेजÞ एंड ह्यूमैनिटीजÞ विभाग की ओर से विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान चितकारा यूनिवर्सिटी राजपुरा के रोबोटिक्स लैब से आई डॉ.तजिंद्र कौर ने मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.नेहा चाचरा व डॉ.नीति सुखीजा ने की। डॉ.कौर ने विद्यार्थियों को इनोवेशन इन रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी (रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी में नवाचार) विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी में हो रहे नवीनतम शोध कार्यों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ इसके समन्वय, उद्योगों व समाज में इसके व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रोबोटिक्स न केवल मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमेशन क्षेत्र में क्रांति ला रहा है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि व अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे विविध क्षेत्रों में भी नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। व्याख्यान के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स प्रयोगशाला की संरचना, आधुनिक उपकरणों तथा शोध पद्धतियों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय रोबोटिक्स और ऑटोमेशन का है। ऐसे में इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को इस दिशा में नवाचार व अनुसंधान की ओर अग्रसर होना चाहिए।

**जताया आभार**

संस्थान के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव एवं शोध की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान निरंतर विद्यार्थियों को उभरती हुई तकनीकों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के शैक्षिक एवं शोधपरक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# क्षय रोग के कारणों, लक्षणों व बचाव के उपायों के बारे किया जागरूक

- कॉलेज में क्षय रोग के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में क्षय रोग के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर मुख्यवक्ता के रूप में चंडीगढ़ से डॉ. इश्मीत कौर उपस्थित हुए। डॉ. इश्मीत कौर ने छात्रों को क्षय रोग के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि टीबी का शीघ्र निदान हो जाए तो यह एक उपचार योग्य बीमारी है। छात्रों को इस कलंक को तोड़ने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए अपने परिवारों और समुदायों में जागरूकता के दूत के रूप में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की समन्वयक गुरविंदर कौर, डॉ. कैथलीन मसीह, डॉ. पायल लांबा ने कहा किए इस सत्र ने न केवल ज्ञान बढ़ाया बल्कि युवाओं में फेफड़ों के स्वास्थ्य और टीबी की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी की भावना भी पैदा की। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा शर्मा और डॉ. जसविंदर कौर, डॉ. निधि, प्रो. आशा छाबड़ा, प्रो. अर्शदीप आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने डांडियां नृत्य कर किया मंत्रमुग्ध

- गांव सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में डांडिया नृत्य कर मनाया नवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में डांडिया नृत्य करते हुए बच्चे व स्टाफ सदस्य।

गांव सुढ़ैल स्थित न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में सोमवार को नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल के कक्षा नर्सरी से लेकर सातवीं तक के विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डांडिया नृत्य के दौरान बच्चों ने रंग बिरंगे वस्त्र धारण किए हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया। विद्यालय की प्राचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि नवरात्रि पर्व हमें शक्ति, सत्य व सद्गुणों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। हमारे नन्हें विद्यार्थी इस प्रकार के आयोजनों से न केवल भारतीय संस्कृति से जुड़ते हैं। बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सामूहिकता की भावना भी विकसित होती है। उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन माता दुर्गा के जयकारों के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक विकास शर्मा समेत पूरे विद्यालय परिवार ने सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी।

### सातवें नवरात्र पर मां के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**यमुनानगर।** शरदीय नवरात्र के सांतवे नवरात्र पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने आदिबद्री स्थित प्राचीन भगवती माता मंत्रा देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के सातवें स्वरुप कालरात्रि के दर्शन कर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। सोमवार सुबह से ही बिलासपुर के आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ियों पर स्थित मां मंत्रा देवी के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मौके पर भजन कीर्तन कर मां का गुणगान किया गया। सोमवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की। सिद्ध पीठ प्राचीन श्रीदेवी मंदिर के पुजारी वाशुदेव ने बताया कि मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि शुभदायिनी है।



**यमुनानगर।** आदिबद्री में स्थित माता मंत्रा देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए शोभा यात्रा निकालते हुए जाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# मून स्टार प्री स्कूल में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया

- सबसे पहले श्रीराम जी ने चंडी देवी की आराधना की और 9 दिनों का व्रत रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



मून स्टार प्री स्कूल रादौर में सोमवार को नवरात्रि का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थी सुंदर-सुंदर पोशाकें पहनकर विद्यालय में आए।

रमहोत्सव के दौरान सबसे पहले माता रानी के नौ स्वरूपों की आरती की गई। फिर बच्चों ने माता रानी के भजनों पर नृत्य किया व डांडिया भी प्रस्तुत किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रसमीन कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि नवरात्रि का इतिहास देवी दुर्गा जी, राक्षस महिषासुर के नौ दिनों के महासंग्राम व भगवान राम की रावण पर विजय से जुड़ा है। जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

सबसे पहले श्रीराम जी ने चंडी देवी की आराधना की और 9 दिनों का व्रत रखा। फिर उन्होंने रावण से युद्ध किया। यह त्यौहार आध्यात्मिकता व शक्ति के जागरण का प्रतीक है। मौके पर नेहा, सिमरन, सोनिया, नीतू, शिवानी, अनु, मीनू, निशा, दीपिका रानी, पुष्पा, सचिन व कृष्ण आदि मौजूद थे।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाइक चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाड़ी माजरा नहर पुल के पास से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की तीनों बाइकें बरामद कर आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को बेचने के लिए बाड़ी माजरा नहर पुल होता हुआ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल कुमार, धर्मेंद्र, योगेश, रविंदर व नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। आरोपी ने यह बाइक 13 जुलाई को थाना शहर यमुनानगर के भगत सिंह पार्क से चोरी की थी।

### जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बैज लगाकर किया शिविर का शुभारंभ

# सेवा पखवाड़ः शिविर में 70 युवाओं ने किया रक्तदान

**रादौर क्षेत्र के गांव गुंदियाना भी आयोजित किया गया रक्तदान शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर/रादौर



यमुनानगर के गांव तेजली में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल। फोटो : हरिभूमि

सेवा पखवाड़ा के तहत यमुना मंडल के तत्वावधान में सोमवार को गांव तेजली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में व्यापारी कल्याण बोर्ड़ के पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग, यमुना मंडल के प्रभारी अभिषेक अरोड़ा व मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान मौजूद रहे। वहीं, गांव गुंदियाना में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

तेजली गांव में आयोजित रक्तदान शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मौके पर मुख्यातिथि एवं पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने युवाओं को वर्ष में कम से कम दो बार अपना रक्त अवश्य दान करने के लिए आहवान किया।

उन्होंने कहा कि रक्त की एक बूंद से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें दूसरों की जान बचाने के लिए अपना रक्त अवश्य दान करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि रक्त का इंसान के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं है। हमें अपना रक्त अवश्य दान करना चाहिए। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनिल बलाचौर, रामपुर चौकी इंचार्ज सुनील कुमार व अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

**गुंदियाना में एकत्रित हुआ 60 यूनिट रक्त**

गांव गुंदियाना में स्वर्गीय पूर्व सरपंच बलविंदर लालर की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में एसपी कमलदीप गोयल ने भाग लिया। रक्तदान शिविर में राणा आई अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने निःशुल्क लोगों के स्वास्थ्य और नेत्रों की जांच कर मुफ्त में दवाईयां दी। वहीं, शिविर में चिकित्सकों ने 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान संजू गुंदयाना ने बताया कि गांव के पूर्व सरपंच बलविंदर लालर की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

# सड़क हादसे ने छीन ली परिवार की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

सोमवार सुबह कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर गांव घराड़सी के समीप दो कारों की आमने-सामने की हुई जबरदस्त टक्कर ने एक परिवार की खुशियां छीन ली। हादसे में स्वीफ्ट कार में सवार एक ही परिवार के पांच लोग काल की आगोश में समा गए। सभी मृतक यमुनानगर के गोपाल नगर के रहने वाले थे। ये सभी रिश्तेदार की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कैथल जा रहे थे। मृतकों में पवन (57), उर्मिला पत्नी पवन (49), बेटी वंशिका (23), उसके भाई राजेंद्र (53) और सबसे छोटे भाई संजय की पत्नी सुमन (45) शामिल है। हादसे में कार चल रहे प्रवीण पुत्र स्वराज की भी मौत हो गई।


कुरुक्षेत्र। अस्पताल में विलाप करते परिजन।

### परिवार में केवल एक बेटा बचा

मृतक पवन कथा व्यास था, जबकि राजेंद्र बीड़ी सिगरेट का थोक विक्रेता था। ये सभी कैथल के कलायत क्षेत्र के गांव कुराड़ जा रहे थे। यहां पवन के साले राजेश की हार्टअटैक से मौत हो गई थी। इन सभी को उसी के अंतिम संस्कार में शामिल होना था। मृतक प्रवीण यमुनानगर में किसी फैक्ट्री में खराद का काम करता था। करीब 3 साल पहले प्रवीण के बड़े बेटे की मौत हो गई थी। प्रवीण अपने पीछे पत्नी और एक बेटे को छोड़ गया। प्रवीण अपने घर में अकेला कमाने वाला था। पवन के घर के पास ही प्रवीण रहता था। पवन और राजेंद्र के घर गाड़ी थी, लेकिन वे ड्राइविंग नहीं जानते थे। इसी वजह से वे पड़ोसी प्रवीण को गाड़ी चलाने के लिए अपने साथ लेकर गए थे। परिवार के मुताबिक, हादसे में पवन, उसकी पत्नी बेटी उर्मिला और बेटी वंशिता की मौत हो गई। अब उसके परिवार में केवल एक बेटा कृष्णा तन्मय बचा है।

### अंतिम संस्कार में जा रहा था परिवार

पवन पंडिताई का काम करता था। रविवार रात 2 बजे पवन के साले राजेश की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसी के संस्कार में पूरा परिवार जा रहा था। इसी वजह से पवन अपने बेटे को चाचा के घर छोड़ कर आए थे। माता-पिता और बहन की मौत के बाद उसका रो-रोकर बुरा हाल है।

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन नवीन जिन्दल की सोच के अनुरूप किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ खेल महोत्सव को लेकर सांसद कार्यालय में बैठक आयोजित

सांसद खेल महोत्सव को लेकर सांसद कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महोत्सव की तैयारियों, पंजीकरण प्रक्रिया और आयोजन की रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम के सभी सदस्यों ने आयोजन की रणनीति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पंजीकरण से लेकर खेलों के सफल आयोजन और पुरस्कार वितरण तक हर पहलू पर गंभीर मंथन किया गया।



### विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा

*बैठक की अध्यक्षता यूथ एंपावरमेंट एंड एंटरप्रिन्योरशिप, हरियाणा सरकार एवं सांसद खेल महोत्सव, कुरुक्षेत्र के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल जेएस नैन ने करते हुए कहा कि इस अवसर पर पुरस्कार वितरण और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की जा रही है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने का आह्वान

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिलाराम चौहान एवं हिन्दू शिक्षा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा वंदना सत्र में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई । विद्यालय प्राचार्या सुमन बाला ने उनका विस्तृत परिचय करवाया तथा पौधा, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### इजराइल और भारत के मजबूत संबंधः सुरेश



**कुरुक्षेत्र।** एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में भारत विश्व भर में आत्मनिर्भर है, जो न केवल अपने लिए अन्न का उत्पादन कर रहा है, बल्कि दुनिया के बहुत से देशों को भी अनाज भेज रहा है। इजराइल के साथ भारत के मजबूत संबंध है चाहे वो रक्षा क्षेत्र, साईंस टैक्नोलॉजी, कृषि क्षेत्र आरे ज्ञान का आदान-प्रदान हो। हर क्षेत्र में इजराइल की भारत के साथ सांझेदारी अहम रही है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या बढ़ रही है, इसके साथ भारत को खेती-किसानी में नई तकनीकों को अपनाकर खेती कार्य आगे बढ़ाना होगा।

### स्वच्छता रैली का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर, कुरुक्षेत्र में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वच्छता अभियान रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली को विद्यालय के माननीय प्रबंधक रामचंद्र सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों ने नारों से स्वच्छता का संदेश दिया।

## 3 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन

# नए आपराधिक कानून को पूर्णत लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य : मिश्रा

### एसीएस डा. सुमिता मिश्रा ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने कहा कि नए तीन आपराधिक कानूनों को पूर्णत लागू करने वाला हरियाणा देश का पहल राज्य है। इन तीन नए कानूनों में सकारात्मक परिणामों को दशार्ती एक भव्य एवं वैभवशाली प्रदर्शनी का आयोजन 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला क्षेत्र में लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा सोमवार को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला क्षेत्र में 3 अक्टूबर के कार्यक्रमों को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने के उपरांत अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी।


कुरुक्षेत्र। मेला ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लेती हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा।

### कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियां को भी प्रदर्शित किया जाएगा

आईजी अंबाला रेंज पंकज नैन ने कहा कि 3 अक्टूबर के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है, किसी भी स्तर पर कोई कमी ना रहे इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी और एजेंसी से लगातार फीडबैक ली जा रही है। इस फीडबैक के साथ-साथ जहां कमी नजर आ रही है उसे तुरंत दुरुस्त किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को कामों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जो अपनी-अपनी डयूटी को निभा रहे हैं। समय पर सभी तैयारियों को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में दूसरे जिलों से करीब 450 बसों से नागरिकों, कर्मचारियों व अन्य लोगों को पहुंचना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियां को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

### उपायुक्त को दिए निर्देश

सुमिता मिश्रा ने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को निर्देश दिए कि 3 अक्टूबर की प्रदर्शनी को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाए। इस प्रदर्शनी में लगने वाले 10 स्टॉल का सारा कार्य जल्द पूरा किया जाए। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रम स्थल पर एचसीएस स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति की जाए ताकि इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाए। इस कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इसको लेकर एचपीएस स्तर के अधिकारियों की डयुटी लगाई जाए और ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 4-5 दिनों तक चलेगी, जिसे अधिवक्ता, छात्र, अभिभावक और आम नागरिक शामिल होकर आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को समझ सके। उन्होंने कहा कि नए कानून से हुए परिवर्तन और उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें 7 अलग-अलग विभागों की भूमिका को भी दशार्या जाएगा। इस प्रदर्शनी को 10 भागों में विभाजित किया गया है।

### लोगों को जागरूक करना उद्देश्य

सुमिता मिश्रा ने कहा कि कंट्रोल रुम में सूचना मिलने संबंधी प्रक्रिया होगी, सीन ऑफ क्राइम में घटना का परीक्षण दशार्या जाएगा। इस प्रदर्शनी का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के माध्यम से भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों के बारे में नागरिकों को जागरूक और शिक्षित करना है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आईएएस रेणू सौगान, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच, एएसपी प्रतीक गहलोत, सीटीएम आशीष कुमार,जिला न्यायवादी मेनपाल, उपजिला न्यायवादी जेबी गोयल, उपजिला न्यायवादी डा. चंद्रमोहन, सीएमओ डॉ सुखबीर, जीएम रोडवेज शेर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, डीआईओ विनोद सिंगला सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## केयू टी-20 प्रतियोगिता

# एडमिन प्लेयर्स को हराकर केयूके स्पार्टन बनी चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को केयू गैर शिक्षक कर्मचारियों के चौथे अनौपचारिक टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केयूके स्पार्टन टीम ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए दूसरी बार प्रतियोगिता के चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मैच में टॉस जीतकर केयूके स्पार्टन ने पहले बैटिंग करने का फैसला करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 178 रन बनाए।

### खेल कठिन परिस्थितियों का सामना करना सिखाते

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडमिन प्लेयर्स की टीम के ओपनर बल्लेबाज राहुल धीमान ने 6 चौके व 3 गगनचुंबी छक्के लगाकर 61 रन बनाए। वहीं पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ क्रिकेटर एवं केयू उपकुलसचिव विनोद वर्मा नेकहा कि खेल जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना को जाग्रत करते हैं, जिससे हम कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्यपूर्वक करना सीखते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन कुछ समय खेलों के लिए निकालना चाहिए।

### महासप्तमी पर भद्रकाली मंदिर में किया हवन

**कुरुक्षेत्र।** शारदीय नवरात्र की महासप्तमी का दिन माँ भद्रकाली मंदिर में माँ कालरात्रि की पूजा से शुरू किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि भक्तों का हमेशा कल्याण करने के कारण ही माँ कालरात्रि को शुभंकरी भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि माँ कालरात्रि जी व्यक्ति के सर्वोच्च चक्र सहस्रार को नियंत्रित करती हैं । मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने आरती में मुख्य रूप में माँ को प्रिय गुड़ का भोग लगाया और लौंग चढ़ाते हुए 108 बार ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै मंत्र का जाप किया और /"नवपत्रिका पूजा/" की गई जिसमें 9 तरह के पेड़ पौधों जिसमें तुलसी ,आम , पीपल ,अनार , बरगद इत्यादि से मिलाकर बनाए गए गुच्छे से माँ भद्रकाली और माँ कालरात्रि जी का आह्वान किया गया।

# 10 शिक्षकों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में शनिवार को कमेटी रूम में कार्यकारी परिषद की 287वीं बैठक में 16 शिक्षकों को सीएएस के तहत पदोन्नति प्रदान की गई। कार्यकारिणी परिषद की बैठक में 23 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इन पदोन्नतियों से न केवल शिक्षकों के शैक्षणिक जीवन में प्रगति होगी, बल्कि छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध का लाभ प्राप्त होगा। यह विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता की दिशा में और आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### इन्हें मिली प्रमोसन

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि अंग्रेजी विभाग से प्रो. ब्रजेश साहनी, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग से डॉ. मोहिन्द्र चंद, इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के प्रो. सुनील ढींगरा, बायोटेक्नोलॉजी विभाग से डॉ. जितेन्द्र शर्मा, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से डॉ. मनोज के. जोशी तथा यूएसएम विभाग से प्रो. सुशील शर्मा को सीएएस के तहत सीनियर प्रोफेसर पद पर व भूगोल विभाग की डॉ. सुमन चौहान को सीएस के तहत प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की मंजूरी प्रदान की गई।

# हरियाणा को मजबूत सरकार चाहिए : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ दीपेन्द्र हुड्डा ने जिला कांग्रेस कार्यालय का किया शुभारंभ

जिला कांग्रेस कार्यालय का सोमवार को विधिवत हवन यज्ञ कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में रोहतक से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मुख्यरूप से शिकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने की। कार्यक्रम में थानेसर विधायक अशोक अरोडा, पिहोवा विधायक मंदीप चट्ठा, शाहाबाद विधायक रामकरण काला, पूर्व मंत्री बलबीर सैनी, पूर्व सासंद कैलाशो सैनी सहित कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ में आहूति डाली। कार्यकम्र में उपस्थित कार्ग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्ग्रेस पार्टी के जिलाधयक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में कुरूक्षेत्र जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत सगंठन तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्डिनेटर पवन चौधरी, कांग्रेस प्रवक्ता जयपाल पाचांल, लक्ष्मीकांत शर्मा, बिमला सरोहा आदि मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ करते सांसद दीपेन्द्र हुड्डा।

### किसानों को मुआवजा दिया जाए

*सासंद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा को मजबूत सरकार चाहिए। पिछले दिनों आई आपदा में सरकार के द्वारा कोई विशेष पैकेज नहीं दिया गया सरकार के द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर किसानों को गुमराह करने का कार्य किया है ओर सरकार से मांग है किसानों की फसल की स्पेशल गिदावरी कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। जिलाध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। कायकर्ता पार्टी की रीढ होते है और इस रीढ को ओर ज्यादा मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।*



### विद्यार्थियों ने सीखी योग की एबीसी

**कुरुक्षेत्र।** नगर की लायलपुर कालोनी में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के चौथी व पांचवीं के विद्यार्थियों को अंग्रेजी वर्णमाला के 26 वर्णों की सहायता से योग के 26 शब्दों का सैद्धांतिक व क्रियात्मक ज्ञान बच्चों को दिया गया, जिसे बच्चों ने खेल खेल में सीखा। विद्यालय के प्रमुख शिक्षक कांता देवी व नारायण दत्त के कुशल नेतृत्व में तथा अन्य अध्यापकों अलका दूहन, प्रमोद कुमार, सतविंदर कौर, अनिता देवी, ललिता गुप्ता, नीरज, बलबीर सिंह, जगबीर सिंह व मुक्ता जी के सहयोग से योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा रचित एबीसी ऑफ योग की प्रथम सीरीज में ग्राफिक्स, एनीमेशन, संगीत व पद्यों में बद्ध काव्य की 9 मिनट की वीडियो जोकि यू ट्यूब पर भी उपलब्ध है के माध्यम से योग के क्रियात्मक पक्ष के अंतर्गत ज्ञान मुद्रा, ताड आसन, हास्य योग, कपाल भाती, त्राटक, ध्यान, मन्त्र जाप, स्वाध्याय आदि का अभ्यास विद्यार्थियों ने किया।

# नागरिकों को तहसील या उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने पूरे प्रदेश में पेपरलैस रजिस्ट्री और निगरानी प्रणाली सेवा का सोमवार को शुभारंभ कर दिया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने चैटबाट सेवा की शुरूआत करते हुए कहा कि ये डिजिटल सेवाएं आमजन के लिए बेहद महत्वपूर्ण शुरूआत हैं। इस डिजिटल पहल का उद्देश्य जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री और राजस्व से जुड़ी सभी सेवाओं को पूरी तरह कागजरहित, पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त बनाना है। एसडीएम अभिनव सिवाच उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय के मीटिंग हॉल में विभिन्न विभागों व कर्मचारियों के साथ पेपरलैस रजिस्ट्री और निगरानी प्रणाली तथा चैटबाट सेवा के शुभारंभ को सीएमत सैनी के कुरुक्षेत्र के लाडवा उपमंडल के गांव बाबैन से लाईव प्रसारण को देख रहे थे।

### 93 तहसीलों में योजना की शुरूआत की

*एसडीएम कहा कि हरियाणा सरकार जनता को लगातार विभिन्न योजनाएं और प्रणालियों से नवाज रहे हैं। जनता के हित में प्रतिदिन कोई न कोई योजना बनाकर उन्हें जनता के सुपुर्द किया जाता है। इसी कड़ी में पेपरलैस रजिस्ट्री और निगरानी प्रणाली तथा चैटबाट सेवा जनता के लिए बेहद कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सोमवार को 93 तहसीलों में इस योजना की औपचारिक शुरूआत की गई और पूरे राज्य में एक साथ यह योजना चालू होगी। पेपरलेस रजिस्ट्री से जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री के लिए बार-बार तहसील या उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नागरिक अपने सभी दस्तावेज पहले ही आनलाइन अपलोड और सत्यापित करवा सकेंगे। रजिस्ट्री वाले दिन केवल मूल कागज लेकर दफ्तर में एक बार आना होगा, जहां बायोमीट्रिक और हस्ताक्षर की औपचारिकता पूरी होगी।*

## कार्यक्रम | गांव बोड़ला में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन

### डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 2033वें कैंप में117 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की

# मानव शरीर में हृदय और नर्वस सिस्टम दोनों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण : डॉ. हिमांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से गाँव बोड़ला में निशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। न्यूरोसर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने कहा कि मानव शरीर में हृदय और नर्वस सिस्टम दोनों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। हृदय जीवन को ऊर्जा देता है, वहीं मस्तिष्क और नसों का तंत्र जीवन को दिशा देता है। यदि इनमें से किसी एक को भी अनदेखा किया जाए तो पूरा शरीर प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि दिल और दिमाग, दोनों का तालमेल ही स्वस्थ और सफल जीवन की कुंजी है। हृदय की देखभाल के साथ नर्वस सिस्टम को मजबूत बनाना भी उतना ही आवश्यक है। डॉ. हिमांशु जैन ने हृदय रोगों और नसों से जुड़ी समस्याओं जैसे : ब्रेन स्ट्रोक, स्ट्रेस, ब्लड प्रेशर, मिर्गी और स्पाइन की बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असंतुलित दिनचर्या, तनाव, नशा और जंक फूड इन दोनों प्रणालियों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचाते हैं।



कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक।

### नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील

योग, प्राणायाम और ध्यान हृदय और नर्वस सिस्टम को संतुलित रखने की सर्वोत्तम प्राकृतिक विधियां हैं। उन्होंने सभी से नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन और नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। डॉ. रूचि जैन ने महिलाओं में हृदय रोगों के लक्षण और सावधानियों पर प्रकाश डाला। डॉ. संजय शर्मा और डॉ.प्रीती सहित टीम के अन्य चिकित्सकों ने भी रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया। डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2033 वॉ कैंप आयोजित किया गया। शिविर में 117 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। मरीजों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं।

### सरपंच नेहा ने किया चिकित्सकों का स्वागत

गांव के सरपंच नेहा रानी व समाजसेवी प्रदीप कुमार ने डॉ. हिमांशु जैन, डॉ रूचि जैन, डॉ संजय शर्मा, डॉ प्रीती व अन्य सहयोगी सदस्यों का स्वागत व अभिनन्दन किया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप कुमार ने कहा कि ह्लगाँव बोड़ला के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमें इतने कुशल और अनुभवी चिकित्सकों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। डॉ. हिमांशु जैन एवं उनकी टीम द्वारा चलाया जा रहा यह जनकल्याणकारी अभियान केवल स्वास्थ्य सेवा ही नहीं बल्कि जागरूकता और उम्मीद का संदेश भी देता है। गाँव के हर व्यक्ति को स्वस्थ और नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने में यह शिविर मील का पत्थर सिद्ध होगा। हम हृदय से आभारी हैं कि शहर की श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएँ आज गाँव के दरवाजे तक पहुँचीं। जिससे दिल व न्यूरोलॉजिकल रोगों से पीड़ति ग्रामीण मरीजों को समय पर उपचार एवं परामर्श मिला है। शिविर को सफल बनाने में सरपंच नेहा रानी, प्रदीप कुमार, कोमल,मोनिका कोऑर्डिनेटर,अंजू, सौरभ, बाछल, गौरव, प्रवीण, संदीप शर्मा, कुलदीप सहित अन्य पंचायत सदस्यगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



अंबाला। छात्राओं को नशे के खिलाफ जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

### नशे के खिलाफ छात्राओं को किया जागरुक

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से सोमवार को राजकीय महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल यात्रा से नशे के विरुद्ध अभियान में लगे हुए हैं। वे सोमवार को राजकीय महिला महाविद्यालय पहुंचे। महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन सिरोही की अध्यक्षता और डॉ. शिवानी की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 110 वां जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 135 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

### धोखाधड़ी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी मोहम्मद मोहसीन को गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जींद के नवीन ने 21 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 नवंबर 2024 को आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने इस्टमैन ऑटो एंड पवार कंपनी से ट्रक में बैटरियों को लादकर निर्धारित स्थान असम न पहुंचाकर धोखाधड़ी कर विश्वासघात करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जैम्स को गिरफ्तार किया है। नगर निगम के अभि कुमार ने 27 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुभाष पार्क से आरोपी ने लोहे की तारें, लाइटें और अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी विनय को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुखपाल ने 28 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव कलयाणा में स्थित उसके घर से आरोपी ने सोना-चांदी जेवरात व नकदी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज हत्या के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी क्षितिज को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। दिलीपगढ़ के सत्यजीत ने 15 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि बाल भारती स्कूल के पास आरोपी ने उसके भाई सूरजवीर सिंह पर नुकीले तेजधार हथियार से हमला करके चोटें मारते हुए उसकी हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## ड्रोन युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों में भी हो रहे कारगर

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना ने दिखाई ड्रोन तकनीक की क्षमता





अंबाला। अत्याधुनिक ड्रोन प्रणाली का प्रदर्शन करते सैनिक व अभ्यास के अन्य दृश्य।

**नारायणगढ़ में सेना ने किया शक्ति का प्रदर्शन**

### पहली बार दिखाई तकनीक

*सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार ड्रोन तकनीक में अपनी क्षमता दिखाई। नारायणगढ़ स्थित फायरिंग रेंज में सेना ने ड्रोन अभ्यास के माध्यम से अपने मानव रहित विमानों की ताकत दिखाई। इस दौरान काल्पनिक लक्ष्यों पर आत्मघाती ड्रोनों से हमला किया गया। इसके बाद सर्विलांस ड्रोनों ने अपनी ताकत दिखाई। सेना ने साफ संदेश दिया की युद्ध की स्थिती में ड्रोन का अत्यधिक प्रयोग होगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नारायणगढ़ में सेना ने दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले अत्याधुनिक ड्रोन का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सेना दिखाया है कि किस तरह ड्रोन न केवल निगरानी के लिए, बल्कि युद्ध और आतंकवाद-रोधी अभियानों में भी प्रभावी हथियार हैं। सेना सेना अब इन ड्रोन की क्षमता और उनके महत्व को जनता के सामने लाने जा रही है। सोमवार को सेना द्वारा एक भव्य शक्ति प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में सेना की दो प्रमुख कमांड शामिल हुई हैं। वायु सेना की पीआरओ सपना के अनुसार, मौजूदा समय में युद्ध सैनिकों और टैंकों से नहीं जीते जाते। आधुनिक युद्धों में ड्रोन तकनीक सबसे अहम भूमिका निभा रही है। सेना के अनुसार, आने वाले समय में ड्रोन तकनीक से ही सीमा सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी अभियानों की रणनीति तय होगी।

### लक्ष्य को सटीकता से नष्ट करेंगे अत्याधुनिक ड्रोन

**अंबाला।** फील्ड फायरिंग रेंज में स्वदेशी ड्रोनों की दक्षता और एक प्रतिस्पर्धी इलेक्ट्रॉनिक युद्ध वातावरण में उनके उपयोग का परीक्षण करने के लिए आयोजित संयुक्त अभ्यास शानदार रहा। इस अभ्यास ने भारतीय सेना की अपनी मानवरहित हवाई प्रणालियों द्वारा एक प्रतिस्पर्धी वातावरण में सामरिक स्तर पर आक्रमक अभियान चलाने की क्षमता का प्रदर्शन किया ताकि परिचालन उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके और लक्ष्यों को नष्ट किया जा सके, साथ ही एक जटिल युद्धक्षेत्र परिदृश्य में अपनी स्वयं की काउंटर-यूएएस प्रणालियों की प्रभावशीलता का भी प्रदर्शन किया। इस अभ्यास ने अपने सैनिकों की परिचालन तैयारियों पर प्रकाश डाला और युद्धक्षेत्र की उभरती चुनौतियों के बीच समाधान खोजने, रणनीति और प्रक्रिया में बदलाव लाने की उनकी क्षमता को रेखांकित किया। पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने इस अभ्यास को देखा और सैनिकों की व्यावसायिकता और तकनीकी अनुकूलनशीलता की सराहना की। सेना कमांडर ने भविष्य के युद्ध में ड्रोन की भूमिका और युद्ध के विभिन्न क्षेत्रों में उनके उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य वक्ता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## डीएवी कॉलेज में जागरूकता सत्र

# छात्रों को दी किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी

- विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिकार और न्याय से संबंधित ज्ञान को निरंतर बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में डीएवी महाविद्यालय की लीगल सेल द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने किया तथा उन्होंने मुख्य वक्ता सजल गुप्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर का स्वागत किया। सर्वप्रथम अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. राजीव महाजन ने कहा कि महाविद्यालय की लीगल लिटरेसी सेल समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती हैं। इससे विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अधिकार और न्याय से संबंधित ज्ञान को निरंतर बढ़ाएं। जिम्मेदार नागरिक बनें।

### अधिकारों की दी जानकारी

मुख्य वक्ता सजल गुप्ता ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों के मौलिक अधिकारों, उनकी सुरक्षा से जुड़े विधिक प्रावधानों तथा उन अपराधों की जानकारी दी जो अक्सर किशोरों द्वारा अनजाने में या परिस्थिति वश किए जाते हैं।सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को किशोर न्याय अधिनियम की मूलभूत जानकारी प्रदान करना तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका समाधान गुप्ता ने सहज और सरल भाषा में किया। उप-प्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को ऐसे संस्थानों की जानकारी होनी चाहिए जो विधिक सेवाएं प्रदान करते हैं।

# ओली तप का शुभारंभ

- धार्मिक नाटक के प्रस्तुतिकरण के साथ भगवान महावीर स्वामी के जन्म को भी दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

एसएस जैन स्थानक में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सान्निध्य में ओली तप का शुभारंभ किया गया। इस उपलक्ष में भगवान महावीर स्वामी के जन्म को भी दर्शाया गया और धार्मिक नाटक भी प्रस्तुत किए गए। जैन साध्वियों ने बताया कि जैन कैलेंडर के आधार पर नवपद ओली पर्व वर्ष में दो बार आयोजित होता है। पहला चैत्र माह में और दूसरा आश्विन माह में। यह पर्व शुक्ल पक्ष की सप्तमी से पूर्णिमा



मुलाना। ओली तप कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

### श्रद्धालु नौ दिनों तक करते हैं तप का पालन


*इस दौरान जैन समाज के श्रद्धालु नौ दिनों तक तप का पालन करते हैं। साधक दिन में केवल एक बार उबला हुआ अनाज ग्रहण करते हैं, जिसमें नमक, चीनी, तेल और मसालों का प्रयोग नहीं किया जाता। इस दौरान मैना सुंदरी की कथा को भी आरंभ किया गया । इस दौरान प्रभावना श्रीपाल जैन और विपिन जैन की ओर से वितरित की गई । ओली तप के शुभारंभ पर जैन समाज के लोगों ने धार्मिक उल्लास के साथ साध्वियों का आशीर्वाद प्राप्त किया।*

# सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली...

- गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा सेक्टर 10 के माता वैष्णो देवी मंदिर में भजन संध्या आए नवरात्रे मैय्या दे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह के तत्वाधान में धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर द्वारा सेक्टर 10 के माता वैष्णो देवी मंदिर में रविवार सांय भजन संध्या आए नवरात्रे मैय्या दे आयोजित की गई। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि समूह के म्यूज़िकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के 11 गायकों ने शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मां दुर्गा के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित श्यालिकग्राम सहित पंडित मोहित नौटियाल और पंडित अजय सेमवाल ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़, कार्यकारिणी संरक्षक राजेंद्र कौशिक,मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ. संजय गौतम,राज अरोड़ा,असीम राष्ट्रवादी और मंदिर कमेटी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से सर्वदेव पूजन संपन्न करवाया। इसके पश्चात गणेश स्तुति,सरस्वती एवं गुरु वन्दना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गायक महंत अरुण शर्मा पुखराज ने /"तूने मुझे बुलाया शेरांवालिए/" .. व /"प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी/"...,सुरेश शर्मा ने /"सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली,बिगड़े बना दे मेरे काम दातिए/"...,अशोक सोलंकी ने /"दुर्गा है मेरी मां अम्बे है मेरी मां/"...जसबीर जस्सी ने /"आए नवरात्रे मैय्या दे से भक्तों को मंत्रमुग्ध किया।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद धार्मिक गायक व अन्य पदाधिकारी।

### कंजकों ने भी लगाई रौनक

छोटी छोटी कंजकों ने भी भजनों पर मस्ती में झूमते हुए खूब रौनक लगाई। मंच का संचालन डॉ.संजय गौतम ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात मां दुर्गा को मिष्ठान्न और फलों का भोग लगाया गया। दुर्गा आरती में श्री सनातन सेवा सभा के प्रधान प्रभु दयाल गोयल,उप प्रधान रनजोर सिंह राणा व केवल कृष्ण, महासचिव एनपी गुप्ता,ज्वाइंट सेक्रेटरी रणबीर सिंह,कैशियर संदीप जिंदल, एसपी गोयल,एके गुप्ता,देवेंद्र चंचल,लवली शर्मा,महक सैनी, सिया,सुनीता,सुधा,शशी गोयल, ऋतु शर्मा और निशा सहित अन्य शामिल रहे।

## रोटरी क्लब ने 41 विद्यार्थियों को किए स्कूल बैग वितरित



**बराड़ा।** रोटरी क्लब ने समाज सेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दूसरे चरण में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाजीगर बस्ती तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव पौंटी के कुल 41 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम न सिर्फ विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उनके अंदर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी करेगा । मेहरा ने कहा कि स्कूल बैग देना केवल वस्तु का वितरण नहीं है बल्कि बच्चों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करने का माध्यम है।

# 445 लोगों ने करवाई मेडिकल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मंत्री अनिल विज ने कहा कि सारे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने यहां पर लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर का अवलोकन भी किया। और चिकित्सकों से बातचीत कर यहां पर जो स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही थी। इससे पहले कैबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डा. राकेश सहल, पीएमओ डा. पूजा व भाजपा के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनदंन किया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा।



अंबाला। शिविर में आए लोगों को मिल रही उपचार की सुविधा जांचते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

### लघु नाटिका भी पेश

इस अवसर पर मिक्की मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रामायण पर आधारित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। स्वास्थ्य जांच शिविर में ओपीडी के तहत 445 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जिसमें शुगर के तहत 102 पुरूषों, 85 महिलाओं ने तथा ईसीजी के तहत 27 लोगों ने, बीपी के तहत 96 पुरूषों ने व 92 महिलाओं ने, वीडीआरएल के तहत 20 ने, एक्सरे के तहत 10, लैब टैस्ट 145 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसके अलावा 148 लोगों को चश्में भी वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल प्रधान विकास बहगल, भाजपा पदाधिकारी किरण पाल चौहान, राम बाबू यादव, मदन लाल शर्मा, भारत कोछड़, नरेंद्र राणा, पार्षद संजीव अत्री मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने झाडू लगाकर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

ग्राम शहजादपुर में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन बीडीपीओं शबनम रेलन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर स्वयं सफाई कर उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। बीडीपीओं शबनम रेलन द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम सब मिलकर प्रयास करें तो इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान सेवा, स्वच्छता और जनजागरण का सशक्त संदेश दे रहा है।



झाडू लगाते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

## नियम तोड़ने वाले बाइक सवार का किया 25500 रुपये का चालान

**मुलाना।** थाना प्रभारी प्रमोद राणा के नेतृत्व में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल चालक को बिना पेटर्न नंबर प्लेट, नंबर प्लेट पर गन का स्टीकर, प्रेशर हॉर्न और बिना लाइसेंस ड्राइविंग करते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने उक्त चालक का कुल 25,500 रुपये का चालान किया। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि नियम तोड़ने वाले चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले या नियमों की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और जरूरी दस्तावेज साथ रखें, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों की जान सुरक्षित रह सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अधिकारियों को धान खरीद के साथ उठान को लेकर दिए जरुरी निर्देश, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**किसानों से आग्रह रोस्टर के अनुसार अपनी फसल मंडी में लेकर पहुंचे**

# अनाजमंडी पहुंचे डीसी, धान खरीद के लिए की गई व्यवस्थाओं को जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को धान खरीद कार्य के चलते अंबाला शहर की अनाज मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि जहां मंडी में धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से चले वहीं लिफ्टिंग का कार्य भी तेजी से होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, डीएमईयू डॉ. राजीव मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निरीक्षण के दौरान धान की ढेरी पर जाकर उसकी नमी को भी चेक किया। अधिकारियों से मंडी में आई धान की आवक व उठान की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान यह भी कहा



अंबाला। धान की फसल को चेक करते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं

उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए वे बेहतर समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। मंडी में जहां धान खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए वहीं उसकी लिफ्टिंग भी तेजी से होनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम को भी कहा कि वे मंडी में समय-समय पर निरीक्षण करें ताकि मंडी में धान खरीद कार्य के तहत कोई भी कार्य करना है तो उसे तुरंत किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ अटल मजदूर कंटीन भी क्रियान्वित की गई है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान किसानों से भी आग्रह किया कि वे रोस्टर के अनुसार अपनी फसल मंडी में लेकर पहुंचे। धान की जो नमी है वह 17 प्रतिशत है, इसके तहत ही वे अपनी फसलों को सुखाकर लाएं ताकि मंडी में धान खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, एसडीएम दर्शन कुमार, डीएफएससी अपार तिवारी, सुपरवाइजर राज कुमार, राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान राजेश बंसल, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन लाल, आढ़ती गौरव गुप्ता के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

## लोकतंत्र पर हमला, राहुल गांधी को मिली धमकी पर गरजे जैन

**अंबाला।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक टीवी बहस में खुलेआम दी गई मौत की धमकी केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं बल्कि पूरे लोकतंत्र, उसकी संवैधानिक मर्यादा और जनता के हक़ की आवाज़ के विरुद्ध एक दुस्साहसिक हमला है। उन्होंने कहा कि यह घटना हमारी राजनीतिक संस्कृति पर कलंक है। इसने भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ में सिहरन पैदा कर दी है। जैन ने तीखे शब्दों में कहा कि यह प्रश्न केवल राहुल गांधी का नहीं बल्कि देश की उस लोकतांत्रिक आत्मा का है जो विरोध, असहमति और विचार-विमर्श की संस्कृति को जीवित रखती है।